हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 चोरी का आरोपी गिरफ्तार, इक्कीस लाख के जेवरात, नकदी बरामद



07 बैंकों में पर्याप्त नकदी नहीं मिलने से व्यापारी परेशान...



खबर संक्षेप

आवेदनों के निराकरण की समीक्षा आज होगी

विदिशा। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जिले में आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों, शिकायतों और मांगों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा शनिवार को की जाएगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में होगी। बैठक में विभागवार आवेदनों की स्थिति, लंबित प्रकरणों और उनके निराकरण के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को जानकारी के साथ बैठक में स्वयं उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

शिविर में 14 आवेदन आए, दो बच्चों के नाम राशन कार्ड में जोड़े

विदिशा। विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू समुदाय की समस्याओं के निराकरण के लिए नटेरन जनपद पंचायत भवन में शिविर आयोजित किया गया। इसमें 14 आवेदन प्राप्त हुए। खाद्य विभाग के सहयोग से हरिसिंह कलावत के दो बच्चों के नाम मौके पर ही राशन कार्ड में जोड़ दिए गए। बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने के लिए 10 और विमुक्त जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दो आवेदन मिले। शिविर में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नीलेश धाकड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

राहत के लिए एमनेस्टी योजना लाने की मांग

विदिशा। विदिशा टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने पुराने टीडीएस प्रकरणों में आ रही समस्याओं के निराकरण और छोटे करदाताओं को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजना लागू करने की मांग की है। इस संबंध में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम ज्ञापन आयकर अधिकारी पवन कुमार को सौंपा गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए विकास कुमार जैन, सचिव अधिवक्ता चक्रेश जैन सहित सीए पार्थ पितलिया, विपिन चौरसिया, शरद सिंघवी, नितिन सोनी, देवेंद्र परिहार, अतुल गोयल, अंकित नामदेव, अर्पित शर्मा, अभिषेक जैन, दीपक नेमा, जितेश जैन और राजेश शर्मा सहित अन्य अधिवक्ता एवं सीए मौजूद रहे।

योजनाओं और विकास कार्यों का लिया जायजा

विदिशा। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को कुरवाई क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बरखेड़ा पठारी, बड़ोह, पठारी और भालबामोरा सहित विभिन्न गांवों में राशन दुकान, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, गौशाला, स्वास्थ्य संस्थाओं और निर्माण कार्यों की स्थिति देखी। बड़ोह की विस्थापित कॉलोनी में रहवासियों से चर्चा कर समस्याएं जानीं। ग्रामीणों से जनसंवाद कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत गांवों में पहुंचे कलेक्टर-एसपी

पहली बार बरखेड़ा पठारी पहुंचे कलेक्टर गुप्ता ग्रामीणों ने पेयजल-सड़क की समस्याएं रखीं



विदिशा। पहली बार कुरवाई तहसील के ग्राम बरखेड़ा पठारी पहुंचे कलेक्टर और एसपी ने जमीन पर बैठकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा/कुरवाई

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता और एसपी रोहित काशवानी कुरवाई तहसील के ग्राम बरखेड़ा पठारी पहुंचे।

कलेक्टर के पहली बार गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, राजस्व सहित स्थानीय समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कलेक्टर ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही निराकरण के बाद प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों ने अपनी जरूरतों और परेशानियों से अधिकारियों को अवगत कराया। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के माध्यम से प्रशासन गांवों तक पहुंचकर योजनाओं के क्रियान्वयन और शासकीय सेवाओं की स्थिति का जायजा ले रहा है। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कुरवाई तहसील की 26 ग्राम पंचायतों में शिविर और विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला स्तर के अधिकारी गांवों का भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले और शासकीय संस्थानों में व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों।

इन बातों का रखें ध्यान

- आधार, पैन कार्ड और बैंक खाते की गोपनीय जानकारी किसी को न दें।
- व्हाट्सएप पर आने वाली संदिग्ध फाइलें डाउनलोड न करें।
- पात्र हितग्राही आयुष्मान कार्ड बनवाएं।
- वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें और यातायात नियमों का पालन करें।
- नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें।

स्कूल में बच्चों से किया संवाद, व्यवस्थाएं देखीं

जनसंवाद से पहले कलेक्टर ने ग्राम पंचायत बरखेड़ा पठारी पहुंचकर शासकीय उचित मूल्य दुकान, शासकीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, गौशाला और पंचायत भवन का निरीक्षण किया। विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र में उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बच्चों से बातचीत कर पढ़ाई की स्थिति जानी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं और उनके संचालन की स्थिति का जायजा लिया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना है।

साइबर ठगी से बचने की सलाह

एसपी रोहित काशवानी ने ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर ठगी के मामले भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड और बैंक खाते से जुड़ी गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं देनी चाहिए। व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से आने वाली संदिग्ध फाइलें डाउनलोड करने से भी बचना चाहिए। इससे मोबाइल हैक होने और बैंक खाते से रकम निकलने का खतरा रहता है। एसपी ने ग्रामीणों से यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं चलाने देने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

खेतों के नक्शों में सुधार और फसल बीमा की क्षतिपूर्ति खेत को इकाई मानकर करने की मांग

मुख्यमंत्री से लेकर अलग-अलग स्तर पर अधिकारियों के नाम मांग पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

राष्ट्रीय किसान महासंघ और राष्ट्रीय किसान पार्टी के बैनर तले फसल बीमा की क्षतिपूर्ति खेत को ईकाई मानकर किए जाने की मांग उठी है।

किसान नेता ठाकुर तुलसीराम दांगी ने मुख्यमंत्री से लेकर अलग-अलग स्तर पर अधिकारियों के नाम मांग पत्र भेजा है। मांगपत्र में साफ लिखा है कि आरबीसी एक्ट में संशोधन कर और हर खेत को इकाई बनाओ तभी किसानों को फसलों को क्षतिपूर्ति बीमा कंपनियों से लाभ मिल सकता है। प्रदेशभर किसानों के खेतों के नक्शा और सर्वे नंबर आनलाइन गलत दर्ज किए गए हैं। इससे गांव-गांव में झगड़े विवाद हो रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेशभर की कृषि उपज मंडियों के चुनाव तत्काल कराए जाने की मांग शामिल है। वर्षों से मंडियों के चुनाव ही नहीं कराए गए हैं।

इसी तरह प्रदेशभर की सहकारी समितियों के चुनाव भी 12 वर्षों से नहीं करा जा सके हैं। किसान नेता तुलसीराम दांगी ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो 16 नबंवर से नइर मंडी के गेटों पर ताला डालकर अनिश्चिकालीन उग्र आंदोलन किया जाएगा।

टोफू कल्चर सीईओ विशाल बैतुले से मिले राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल

विदिशा। सेहत फूड प्रोडक्ट्स और सेहित टोफू कल्चर के बारे में जानने के लिए राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल विदिशा पहुंचे। सेहत टोफू कल्चर के फाउंडर विशाल बैतूले ने मल्टीपल सोया प्रोडक्ट बाजार में उतारे हैं। यह सभी एग्रीकल्चर वेज प्रोडक्टस हैं और सेहत के लिए प्रोटीन से भरपूर माने जा रहे हैं। राज्य सभा सांसद ने टोफू कल्चर के बारे में विस्तार से जानकारी ली। खासकर सोया पनीर से लेकर कुकीज, लस्सी और अन्य खाद्य पदार्थों और उनकी गुणवत्ता के बारे में जाना।



बेतवा नदी में कूदा युवक होमगार्ड जवानों ने बचाया

आधार कार्ड के जरिए हुई युवक की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बेतवा नदी के बड़वाले घाट पर शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे एक युवक ने नदी में छलांग लगा दी। घाट पर मौजूद लोगों में हलचल मच गई। वहां तैनात होमगार्ड जवान दीपक पाराशर और संतोष राय ने तुरंत नदी में कूदकर युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद डायल-112 की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

युवक के पास मिले पैन कार्ड, आधार कार्ड और वोटर आईडी से उसकी पहचान दीपक सेन (29) निवासी टीलाखेड़ी के रूप में हुई।



दस्तावेजों के मुताबिक उसके पिता का नाम मुकेश है। युवक ने किन कारणों से नदी में छलांग लगाई, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

होमगार्ड जवानों की तत्परता से उसे समय रहते नदी से बाहर निकाल लिया गया।

सर्व पितृ अमावस्या पर गजच्छाया योग का दुर्लभ संयोग, श्रद्धा से करें श्राद्ध

विदिशा। आज सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर गजच्छाया योग, ऐन्द्र योग और हस्त नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री के अनुसार, ऐसा संयोग वर्ष 2018 में बना था। पंडित शास्त्री ने बताया कि सर्व पितृ अमावस्या श्राद्ध पक्ष का अंतिम दिन होता है। इस दिन पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक विदाई दी जाती है। जिन लोगों को पितरों की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है, वे भी इस दिन श्राद्ध कर्म कर सकते हैं। मान्यता है कि गजच्छाया योग में किए गए श्राद्ध से पितृ दोष से जुड़ी बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि, वंश वृद्धि तथा उन्नति का आशीर्वाद मिलता है। पंचांग के अनुसार, अमावस्या तिथि 9 अक्टूबर रात 9:35 बजे से 10 अक्टूबर रात 9:19 बजे तक रहेगी।

एसपी ने पहनाए हेलमेट, 10 दिन में 918 चालान

पुलिस के सड़क सुरक्षा अभियान में 12,852 लोगों को किया जागरूक, हेलमेट पहनने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

'पहने हेलमेट, रहें सुरक्षित' के संदेश के साथ विदिशा पुलिस का 10 दिवसीय सड़क सुरक्षा प्रवर्तन एवं जागरूकता अभियान संपन्न हो गया। 28 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चले इस जिलाव्यापी अभियान में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ एसपी रोहित काशवानी ने वाहन चालकों को स्वयं हेलमेट पहनाए।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में आयोजित अभियान के दौरान जिले में 160 जागरूकता कार्यक्रम हुए। इनमें 8 हजार 371 विद्यार्थियों और 4 हजार 481 अन्य



लोग कुल 12 हजार 852 लोगों को यातायात नियमों, हेलमेट और सीटबेल्ट उपयोग, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव की जानकारी दी गई।

बिना हेलमेट के 684 चालान: नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के 684 चालान बनाए और 2 लाख 3 हजार 900 रुपए समन शुल्क वसूला। वहीं, सीटबेल्ट नहीं लगाने वाले वाहन चालकों के 234 चालान कर 1 लाख 9 हजार रुपए वसूले गए। इस तरह कुल 918 चालान से 3 लाख 12 हजार 900 रुपए समन शुल्क वसूला गया।

सम्मानित कर किया प्रोत्साहित

अभियान के दौरान हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले जागरूक नागरिकों को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। वहीं, बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले कुछ लोगों को हेलमेट वितरित कर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी, एसडीओपी और थाना-चौकी प्रभारियों के मार्गदर्शन में अभियान संचालित हुआ। पुलिस ने नागरिकों से गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने और हेलमेट व सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने की अपील की।

सनातन धर्म रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष बने कृष्णा कुशवाह

विदिशा। सनातन धर्म रक्षा परिषद की जिला स्तरीय बैठक राजीव नगर स्थित श्री शिव शक्ति दरबार में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से कृष्णा कुशवाह को सनातन धर्म रक्षा परिषद विदिशा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कृष्णा कुशवाह की नियुक्ति पर बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में परिषद के संस्थापक धर्माधिकारी पं. जितेंद्र शास्त्री, भूपेंद्र किरार, दीपक बाजपेई, मुकेश मीणा, महेश महाराज, करन कुशवाह, अजीत मीणा, शिब्बू कुशवाह एवं मन्नू लोधी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक में संगठन के विस्तार एवं आगामी आयोजनों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने तथा सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने पर जोर दिया।

बिजली के लटकते तार, सड़क के गड्ढे और खराब स्ट्रीट लाइट का मुद्दा उठा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

नवरात्रि की तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर थाना परिसर में विधायक हरिसिंह सप्रे की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें झांकी समितियों के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने नगर की समस्याएं उठाईं।

बैठक में बिजली के लटकते तार, मुख्य मार्ग पर गड्ढे, खराब स्ट्रीट लाइट और नालियों की साफ-सफाई का मुद्दा प्रमुखता से रखा गया। समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम



मोतीलाल अहिरवार ने नगर परिषद, विद्युत मंडल और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। लकी फ्रेंड सर्कल की ओर से दशहरे पर आयोजित होने वाले रात्रि जागरण के दौरान व्यवस्थाएं बनाने की मांग भी रखी गई। इस पर अधिकारियों ने अलग से चर्चा कर व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में जगदीश साहू, हरिसिंह चौहान, घनश्याम तिवारी, रजनीश साहू, वरुण चौबे, सचिन यादव, मनजीत तिवारी और मनोज चौबे सहित समिति सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से एसडीओपी रोशनी सिंह, टीआई आरके मिश्रा और नगर परिषद इंजीनियर गौरव कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

तीन दुकानों के कारण अटका बस स्टैंड का विकास कार्य

एक सप्ताह से बंद प्रतीक्षालय व शौचालय तोड़ने का काम, यात्रियों को नई सुविधाओं का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

तहसील मुख्यालय स्थित पुराने बसस्टैंड के विकास कार्य में तीन दुकानों के खाली नहीं होने से बाधा आ रही है। ग्राम पंचायत ने जर्जर प्रतीक्षाल व शौचालय को तोड़कर नया निर्माण कराने की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन करीब एक सप्ताह से काम बंद है। इससे बसस्टैंड पर आने वाले यात्रियों और स्थानीय व्यापारियों को परेशानी हो रही है।

जानकारी के अनुसार, पंचायत की कार्रवाई के दौरान सुंदरलाल विश्वकर्मा और लला वर्मा ने अपनी दुकानें खाली कर दी थीं। पुराने प्रतीक्षालय के दरवाजे और खिड़कियां भी निकाल ली गईं, लेकिन तीन दुकानों के खाली नहीं होने से आगे की कार्रवाई रुक गई। पंचायत का कहना है कि संबंधित दुकानदारों को दुकानें खाली करने के नोटिस दिए गए थे।

रसूखदारों की दुकानों को नहीं हटाया गया

स्थानीय लोगों का कहना है कि गरीब दुकानदारों की दुकानों पर कार्रवाई हो रही है, जबकि रसूखदारों की दुकानों को नहीं हटाया जा रहा। वहीं, ग्रामीणों का एक वर्ग इसे बस स्टैंड के विकास के लिए जरूरी कदम बता रहा है। 1992 में गठित अंत्योदय समिति के तत्कालीन अध्यक्ष प्रताप सिंह रघुवंशी ने बताया कि उस समय तीन दुकानों के निर्माण के लिए लिखापढ़ी हुई थी। शौचालय की एक दीवार का उपयोग करते हुए दुकानदारों को दो दीवारें स्वयं बनाकर दुकान चलाने की अनुमति दी गई थी। इसके बदले पंचायत को किराया दिया जाना था। उनके अनुसार जमीन पंचायत की है और जर्जर भवन हटाकर नया प्रतीक्षालय व शौचालय बनाना यात्रियों के हित में है। एसडीएम शशि मिश्रा ने बताया कि जांच की जाएगी, जांच के बाद आगे कार्रवाई होगी। सरपंच राजू कुशवाह ने कहा कि पंचायत ने सभी दुकानदारों को सामान हटाने के नोटिस दिए थे, ताकि नए प्रतीक्षालय और शौचालय का निर्माण कराया जा सके।

वॉलीबॉल के फाइनल में रीवा-नर्मदापुरम के बीच मुकाबला

उज्जैन संभाग ने मल्लखंब में जीते स्वर्ण पदक

- चयनित खिलाड़ी गुजरात में राष्ट्रीय स्तर पर मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिला खेल स्टेडियम में स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल और मल्लखंब के मुकाबले रोमांचक रहे।

प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने खेल कौशल और शारीरिक संतुलन का प्रदर्शन किया। मल्लखंब अंडर-19 में उज्जैन संभाग ने बालक और बालिका, दोनों वर्गों की टीम चैंपियनशिप जीतकर अपना दबदबा कायम किया। प्रतियोगिता के चौथे दिन विधायक मुकेश टंडन, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह और पूर्व क्रीड़ा अधिकारी विनोद चौधरी ने मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान ज्योति ठाकुर, अरविंद राजपूत, सुरेश साहू और अनिल सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

वॉलीबॉल बालिका वर्ग में उज्जैन ने शहडोल, ग्वालियर ने सागर, रीवा ने जबलपुर और इंदौर ने भोपाल को 2-0 से हराया। बालक वर्ग में उज्जैन ने शहडोल को 2-1, जनजाति कार्य विभाग ने सागर को 2-0, जबलपुर ने नर्मदापुरम को 2-1, रीवा ने ग्वालियर को 2-0 और इंदौर ने उज्जैन को 2-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल के बाद बालिका वर्ग में रीवा और नर्मदापुरम, जबकि बालक वर्ग में जबलपुर और जनजाति कार्य विभाग की टीमें फाइनल में पहुंचीं। मल्लखंब बालक टीम चैंपियनशिप में उज्जैन 24.35 अंकों के साथ पहले, सागर 20.35 अंकों के साथ दूसरे और ग्वालियर 18.20 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में उज्जैन ने 24.05 अंक लेकर पहला, सागर ने 19.70 अंक लेकर दूसरा और जबलपुर ने 11.35 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।



विदिशा। प्रतियोगिता का दौरन गोल करने का प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी।

मीडिया प्रभारी पंकज भार्गव ने बताया कि 17 वर्ष आयु वर्ग के वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी गुजरात में होने वाली राष्ट्रीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बासौदा मंडी भाव

गेंहू
न्यूनतम भाव-2098
उच्चतम भाव-4300
धान
न्यूनतम भाव-1730
उच्चतम भाव-4250
चना
न्यूनतम भाव-3951
उच्चतम भाव-7740
सरसों
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-7900
बटरी
न्यूनतम भाव-2950
उच्चतम भाव-4000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-6530
मक्का
न्यूनतम भाव-1611
उच्चतम भाव-2000
उड़द
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-8200
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-3780
मूंग
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7840
मसूर
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-6500

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 17553 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

डॉ. एके जैन को मिले दो विशिष्ट सम्मान



गंजबासौदा। सामाजिक सरोकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनसेवा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन भारत के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ए.के. जैन को भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में दो विशिष्ट सम्मानों से सम्मानित किया गया। भोपाल में प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्ड वाइस फाउंडेशन भारत द्वारा डॉ. जैन को उनके सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। वहीं वर्ल्ड वाइस फाउंडेशन द्वारा उन्हें समाजसेवा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'मध्यप्रदेश रत्न' सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. जैन लंबे समय से सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविरों, शिक्षा तथा विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। जरूरतमंद वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और जनजागरूकता के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए उन्हें पूर्व में अनेक सम्मानों से नवाजा जा चुका है। डॉ. ए.के. जैन की उपलब्धि पर समाजसेवियों एवं विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक संगठनों ने बधाईयां दी हैं।

पुलिस ने 10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी

शहर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 ग्राम ब्राउन शुगर एवं मोटर साइकिल सहित 2 लाख का मशरूका जप्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ऑपरेशन क्लीन स्वीप के अंतर्गत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शहर थाना पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। 8 अक्टूबर को शहर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि त्योंदा रोड बायपास स्थित जालोरी गार्डन के आगे दो व्यक्ति स्लेटी रंग की TVS स्टार सिटी मोटर साइकिल से ब्राउन शुगर की आपूर्ति करने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की और मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार मोटरसाइकिल से आ रहे दोनों व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में मोटर साइकिल चालक ने अपना नाम आकाश रघुवंशी उम्र 24 वर्ष निवासी बरेठ रोड भावसार पुलिया के पास तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राधे विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम किरोंदा पायरी बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 10 ग्राम ब्राउन शुगर एवं एक TVS स्टार सिटी मोटर साइकिल बरामद कर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया, मोहरसिंह मंडेलिया, दुर्ग सिंह रघुवंशी, सिद्धांत भदौरिया, अरविन्द्र पाठक, सरमन साहू, सत्येन्द्र सिंह तोमर, अनिल यादव, रत्नेश रोहित, प्रवेश जाट की विशेष भूमिका रही।

नवदुर्गा उत्सव के चलते आकर्षक साज-सज्जा...



गंजबासौदा। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित टी.टी. जैन पाठशाला परिसर में नवदुर्गा उत्सव की धूम देखने को मिल रही है। लगने वाली झांकी की आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया गया है। रंग-बिरंगी झालर लाइटों, फूल-मालाओं और मनमोहक सजावट ने पूरे पंडाल को भव्य रूप दे दिया गया है। रात के समय रंगीन रोशनी में नहाया पंडाल दूर से ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करेगा समिति द्वारा माता रानी के दरबार को भव्य रूप दिया गया है, दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेगे। आकर्षक लाइटिंग और सजावट श्रद्धालुओं के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। फोटो : राजा छारी

ड्रीम सिटी कॉलोनी में दिया था चोरी की घटना को अंजाम

चोरी का आरोपी गिरफ्तार, इक्कीस लाख के जेवरात, नकदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। आरोपी से जब्त किए गए सोने, चांदी के आभूषण एवं नगदी



गंजबासौदा। पुलिस गिरफ्त में आरोपी

नगर की ड्रीम सिटी कॉलोनी में हुई बड़ी चोरी का सिटी थाना पुलिस ने ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को बड़ी मशक्कत के बाद गिरफ्तार किया है तथा आरोपी के कब्जे से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी बरामद की गई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्रीम सिटी कॉलोनी में कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पीड़ित की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीम ने मुखबिर तंत्र और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस को सफलता मिली और आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान छोटू उर्फ जयंत पिता कालूराम लोधी निवासी जांवर, जिला विदिशा के रूप में हुई है। आरोपी ने ड्रीम सिटी कॉलोनी में चोरी की वारदात करना कबूल किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 105 ग्राम सोना, 1 किलो 200 ग्राम चांदी के जेवर, एक डायमंड का हार और 23,000 रुपये नगद बरामद किए हैं। बरामद जेवरात की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि इस वारदात में उसके साथ और कौन-कौन शामिल था तथा उसने पहले भी इस तरह की अन्य चोरियों को अंजाम दिया है या नहीं।

पुलिस को आशंका है कि आरोपी किसी बड़े गिरोह से जुड़ा हो सकता है। सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा और मामले में आगे की जांच जारी है।

चोरी का खुलासा होने पर कॉलोनी के रहवासियों ने पुलिस की सराहना की है।

विहिप ने विद्यार्थियों को निःशुल्क दवाइयां की वितरित



गंजबासौदा। वेदांत आश्रम में विद्यार्थियों को दवाईयां वितरित की गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा सेवा और सामाजिक सरोकारों के तहत जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विश्व हिंदू परिषद के सेवा आयाम के अंतर्गत वेदांत आश्रम में सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस दौरान आश्रम में रह रहे बच्चों एवं अन्य जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के सेवा प्रमुख ओमप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। जरूरतमंदों की सहायता करना और समाज के वंचित वर्गों तक सहयोग पहुंचाना संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है। वेदांत आश्रम जैसे स्थानों पर सेवा कार्य करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। ऐसे सेवा कार्यों से न केवल जरूरतमंदों को सहायता मिलती है, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं की भावना भी मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने आश्रम में रह रहे बच्चों एवं अन्य जरूरतमंदों के उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सेवा गतिविधि में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। विश्व हिंदू परिषद के इस सेवा कार्य के माध्यम से समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करने और सेवा भावना को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

श्रीमद् भागवत कथा कभी समाप्त नहीं होती

गंजबासौदा। सप्तम दिवस की कथा का गायन करते हुए कथावाचक आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया ने कहा भागवत का विश्राम होता है। कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने बताया कि कृष्ण और सुदामा की मित्रता बहुत प्रचलित है। एक बार गरीबी से परेशान सुदामा की पत्नी ने कहा कि हम भले ही भूखे रहें, लेकिन बच्चों का पेट तो भरना चाहिए न। इतना बोलते-बोलते सुदामा की आंखों में आंसू आ गए। जिस पर पत्नी ने सुदामा से कहा आप कई बार श्री कृष्ण की बात करते हो। वहां क्यों नहीं जाते। सुदामा को पत्नी की बात सही लगी। सुदामा



ने फटे हुए कपड़ों में चावलों की पोटली बनाई और द्वारका के लिए निकल पड़े, जहां पर भगवान ने उनका स्वागत किया। कथा का अभिप्राय आत्मा का परमात्मा से मिलन सच्ची मित्रता वही है जो दिल से निभाई जाए उसमें ऊंचे नीच बड़े छोटे को ना देखा जाए अपितु भगवान श्री कृष्ण ने सुदामा की भक्ति एवं भाव को देखते हुए ब्राह्मण को अपना इष्ट स्वीकार किया सुदामा के चरण धुलाकर संसार को बहुत बड़ी सीख दी ब्राह्मण सर्वश्रेष्ठ है यज्ञ करता कर्म निष्ठ ब्राह्मण सर्वोपरि है। जो मनुष्य भागवत कथा का श्रवण करता है उस जीव का परम कल्याण होता है, भवसागर को पार कर मोक्ष को प्राप्त हो जाता है, पितरों को स्वर्ग मिल जाता हैं। भागवत कथा का आयोजन करने से अश्वमेघ यज्ञ का फल मिलता है। सभी भक्तों ने झूमते गाते हुए फूलों की वर्षा के साथ नृत्य किया कथा पंडाल में फूलों की होली हुई। कथा में उपस्थित विष्णु नारायण माथुर, सरोज माथुर, शशि, श्रुति, रिचा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा व लाइसेंस शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। लर्निंग लायसेंस शिविर में विद्यार्थियों को दी जानकारी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय द्वारा शुक्रवार को सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय एवं एसजीएस पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया गया। आयोजित शिविरों में जिला परिवहन कार्यालय के स्टॉफ द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य लाभार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व, यातायात नियमों के पालन, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव तथा सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही लर्निंग लाइसेंस बनवाने की ऑनलाइन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन की प्रक्रिया के संबंध में भी विस्तार से समझाया गया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था में आमजन की सहभागिता के महत्व पर भी जानकारी दी गई।

दोनों शिविरों में लगभग 130 लाभार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया गया तथा लर्निंग लाइसेंस की सुविधा का लाभ लिया गया। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत इस प्रकार के जागरूकता एवं सुविधा शिविरों के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने तथा परिवहन संबंधी सेवाओं को सरल एवं सुलभ बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

कालिदास चित्रकला प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

जिला स्तरीय कालिदास प्रतियोगिता की चित्रकला स्पर्धा में नवांकुर, डॉल्फिन के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में नवांकुर विद्यापीठ की छात्रा उपासना जाट तथा कनिष्ठ वर्ग में डॉल्फिन स्कूल के छात्र हर्षित अंबेडकर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। उपासना एवं हर्षित की इस उपलब्धि पर दोनों प्रतिभागियों व उनके मार्गदर्शक शिक्षक वासुदेव शर्मा को विद्यालय के प्राचार्य संदीप रावत, वरिष्ठ शिक्षक पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली व समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दोनों विजेता अब संभाग स्तरीय कालिदास प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर को संभाग कार्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में किया जाएगा।

पितृ पक्ष की कथा का हुआ समापन, भंडारा आज

अर्पण-तर्पण-समर्पण में छिपा जीवन का दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। कथा के दौरान सजाई गई आकर्षक झांकी

पितरों के प्रति श्रद्धा केवल श्राद्ध और तर्पण तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके दिए संस्कारों को जीवन में उतारना भी है। माता-पिता के प्रति सम्मान, समाज के प्रति सेवा और परमात्मा के प्रति समर्पण ही सार्थक जीवन का आधार है। प्रेम की नींव पर खड़ा परिवार परमात्मा का धाम बन जाता है। यह संदेश पितृ पक्ष में छैल बिहारी मंदिर, वार्ड क्रमांक 18 में आयोजित 16 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर पंडित केशव शास्त्री ने दिया। समापन के अवसर पर आज अमावस्या के दिन पितृ शांति के लिए विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन होगा। मंदिर परिसर में दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक भंडारे का आयोजन निर्धारित किया गया, जिसमें समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है। मुख्य यजमान मयंक तेनगुरिया सहित अतिथियों एवं भक्तों ने आरती कर 16 दिवसीय भागवत कथा को विराम दिया। भागवत कथा के मूल संदेश की व्याख्या करते हुए शास्त्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अर्पण, तर्पण और समर्पण केवल धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि जीवन के तीन महत्वपूर्ण दायित्व हैं। अर्पण का अर्थ है कि समाज ने हमें जो दिया है, उसके प्रति हम भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि तर्पण को केवल माता-पिता के निधन के बाद किए जाने वाले धार्मिक कर्म तक सीमित नहीं समझना चाहिए। माता-पिता के जीवित रहते उनकी सेवा करना, उनके लिए समय निकालना, उनके सुख-दुख में सहभागी बनना और उनकी आवश्यकताओं का ध्यान रखना भी संतान का महत्वपूर्ण धर्म है। मृत्यु के बाद श्राद्ध और तर्पण हमारी परंपरा का हिस्सा हैं, लेकिन माता-पिता के जीवनकाल में उनका सम्मान और सेवा करना भी उतना ही आवश्यक है। समर्पण की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा शरीर, परिवार, सामर्थ्य और वैभव परमात्मा की कृपा से प्राप्त हैं। इसलिए मनुष्य को अपने कर्मों में अहंकार के बजाय कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जीवन को परमात्मा के चरणों में समर्पित करना ही सच्चा समर्पण है। भागवत कथा मनुष्य को प्रेम, कर्तव्य, त्याग और भक्ति के इसी मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि पितृ पक्ष पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने, उनकी स्मृति को संजोने और उनके संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का अवसर है। अर्पण समाज के लिए, तर्पण माता-पिता के लिए और समर्पण परमात्मा के लिए होना चाहिए। कथा के समापन अवसर पर मूडरी धाम के महंत 108 परशुराम दास महाराज भी शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को धर्म, सदाचार और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, राजेश तिवारी, विजय अग्रवाल, संतोष व्यास, सतीश पाराशर आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

खनिज विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को खनिज शाखा विदिशा प्रभारी अधिकारी एवं सहायक खनिज अधिकारी द्वारा ग्राम मेहरा में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान खनिज मुरम का अवैध रूप से परिवहन कर वेयरहाउस की भरती किए जाने का मामला सामने आया। इस दौरान खनिज विभाग के अधिकारियों ने मौके से दो डंपर क्रमांक MP04WF4052 एवं MP40ZE4095 को जब्त कर पुलिस चौकी कागपुर की अभिरक्षा में रखवाया। खनिज विभाग द्वारा दोनों वाहनों के अवैध परिवहनकर्ताओं के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम, 2022 के तहत प्रकरण तैयार किया जा रहा है। प्रकरण को आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं नियमों के उल्लंघन पर निगरानी एवं नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।



शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने की शिकायत

गंजबासौदा। नगर के वार्ड क्रमांक 22 निवासी परवेज मंसूरी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक शिकायती आवेदन दिया। जिसमें शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर प्रार्थी के मकान के रास्ते पर मकान निर्माण करने की शिकायत की। आवेदन में कहा गया है कि पड़ोसी मजहर मंसूरी शासकीय भूमि पर मकान निर्माण कर रहा है, इसके पूर्व भी मजहर मंसूरी व उनके परिवार के द्वारा मकान के द्वार पर निर्माण कर पहले से आधा द्वार बंद कर रखा है। दिए गए शिकायती आवेदन में बताया कि अवैध अतिक्रमण हटाने को कहा गया परन्तु निर्माण नहीं रोका जा रहा है एवं उनके मकान का रास्ता रोका जा रहा है। शिकायती आवेदन में मौका की जाँच कर अवैध निर्माण रोके जाने की मांग की गई है।



खबर संक्षेप

सागर बंगाली क्लब की बैठक में दुर्गोत्सव 2026 की तैयारियों की समीक्षा

सागर। सागर बंगाली क्लब द्वारा श्री शारदीय दुर्गोत्सव 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर डॉ. गीता मुखर्जी के आवासीय परिसर, 40 बी कैंट, सागर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में डॉ. देबाशीष बोस, भाग्यजीत घोष, मिहिर गांगुली, लीना घोष, भारती देवनाथ, अनिमा सरकार, निहारिका तिवारी, प्रिया घोष, सौमित्र सरकार, हनी घोष, तपन तिवारी एवं ओम सरकार सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मानवाधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, अधिवक्ता सुश्री अर्चना तिवारी तथा आयोग के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए यथासंभव सहयोग करने का आश्वासन लिया।

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

सागर। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए एएनसी पंजीयन, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, एनीमिया प्रबंधन और अनमोल पोर्टल पर डाटा अपलोडिंग में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी पंजीयन सुनिश्चित किया जाए और स्वास्थ्य गतिविधियों का डाटा उसी दिन पोर्टल पर अपलोड हो। सीवियर एनीमिया प्रबंधन का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित सीएचओ के सात दिन का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि जिन सेक्टरों की उपलब्धि जिले के औसत 88 प्रतिशत से कम होगी, वहां संबंधित बीएमओ के सात दिन का वेतन राजसात किया जाएगा। बीना बीएमओ की अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस और एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। केसली, जैसीनगर और राहतगढ़ में लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं होने पर बीएमओ का वेतन आगामी आदेश तक रोकने को कहा गया। कलेक्टर ने निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम के नियमित निरीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन मिलने पर लाइसेंस के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 27 से 30 अक्टूबर तक

सागर। भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 27 से 30 अक्टूबर 2026 के मध्य किया जाएगा। इस वर्ष युवा उत्सव में पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित कुल पांच विधाओं का आयोजन किया जाएगा। लोकनृत्य में केवल हिंदुस्तानी शैली ही मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि पर प्रस्तुति मान्य नहीं की जाएगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित एवं क्षेत्रीय भाषा में हो सकता है। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है।

सांसद डॉ. लता बानखेड़े ने हरिभूमि से की चर्चा: वैश्विक मंच पर उठे जलवायु परिवर्तन, कृषि, खाद्य सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दे

आईपीयू की 153वीं असेंबली में भारत का प्रतिनिधित्व करना गौरवपूर्ण अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

क्षेत्रीय सांसद डॉ. लता बानखेड़े इन दिनों अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इंटर-पार्लियामेंट्री यूनियन (आईपीयू) की 153वीं असेंबली में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। तंजानिया के अरुषा में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन के दौरान उन्होंने हरिभूमि से सीधी चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए। हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन से चर्चा में डॉ. लता बानखेड़े ने कहा कि वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है। इस मंच के माध्यम से भारत की नीतियों, विकास की सोच और जनकल्याण से जुड़े प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखने का अवसर मिला है। डॉ. लता बानखेड़े ने बताया आईपीयू की 153वीं असेंबली में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों के बीच कई महत्वपूर्ण वैश्विक विषयों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इनमें जलवायु परिवर्तन, कृषि, खाद्य सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा आतंकवाद और हिंसा के विरुद्ध प्रभावी प्रयास जैसे विषय प्रमुख रहे।



वैश्विक मंच पर रखे भारत के जनकल्याणकारी प्रयास

सांसद डॉ. बानखेड़े ने चर्चा के दौरान बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत सरकार द्वारा जनकल्याण, गरीब कल्याण और कृषक कल्याण के लिए किए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं को प्रस्तुत करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भारत में आम नागरिकों, किसानों और जरूरतमंद वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर संचालित योजनाओं तथा विकास से जुड़े प्रयासों को वैश्विक स्तर पर साझा करना महत्वपूर्ण अनुभव रहा। उनके अनुसार, भारत की विकास यात्रा और जनकल्याण की सोच को विश्व पटल तक पहुंचाना देश के प्रतिनिधि के रूप में गर्व की बात है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का जताया आभार

डॉ. लता बानखेड़े ने इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर उनके लिए प्रेरणादायी अनुभव है। देश की विकास यात्रा, जनकल्याणकारी सोच और वैश्विक विषयों पर भारत के दृष्टिकोण को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय संवादों से विभिन्न देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलता है।

अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की भागीदारी महत्वपूर्ण

तंजानिया के अरुषा में आयोजित आईपीयू की 153वीं असेंबली में भारत की भागीदारी देश के संसदीय प्रतिनिधित्व और अंतरराष्ट्रीय संवाद के लिहाज से महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन से लेकर कृषि, खाद्य सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और आतंकवाद के विरुद्ध प्रयासों तक, विभिन्न विषयों पर होने वाली चर्चा वैश्विक चुनौतियों के प्रति साझा समझ विकसित करने का अवसर देती है। डॉ. लता बानखेड़े ने कहा कि भारत की उपलब्धियों, विकास के प्रयासों और जनकल्याण की प्रतिबद्धता को दुनिया के सामने रखना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने इस अनुभव को देश के प्रति जिम्मेदारी और गौरव से जुड़ा बताते हुए कहा कि भारत की आवाज को वैश्विक मंच तक पहुंचाना उनके लिए सदैव प्रेरणा का विषय रहेगा।

खातों में राशि जमा होने के बावजूद कैश नहीं मिलने से किसानों को भुगतान में आ रही परेशानी

बैंकों में पर्याप्त नकदी नहीं मिलने से व्यापारी परेशान, कलेक्टर से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कृषि प्रधान क्षेत्र सिरोंज में बैंकों से पर्याप्त नगदी नहीं मिलने की समस्या को लेकर व्यापारियों ने चिंता जताई है। व्यापारियों का कहना है कि उनके बैंक खातों में पर्याप्त राशि जमा होने के बावजूद बैंकों द्वारा आवश्यकता के अनुरूप नगद राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इससे कृषि उपज मंडी में व्यापार प्रभावित होने के साथ ही किसानों को उनकी उपज का भुगतान समय पर करने में भी परेशानी आ रही है। समस्या को गंभीरता से लेते हुए थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने जिला कलेक्टर विदिशा के नाम नायब तहसीलदार सिरोंज को ज्ञापन सौंपकर तत्काल प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग की है। व्यापारियों ने बताया कि सिरोंज की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि, कृषि उपज मंडी और उससे जुड़े व्यापारिक गतिविधियों पर निर्भर है। मंडी में किसानों द्वारा अपनी उपज बेचने के बाद उसके भुगतान की प्रक्रिया में नगद राशि की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

वर्तमान समय में किसानों को रबी सीजन की तैयारियों और बुआई से जुड़े कार्यों के लिए खाद, बीज, कृषि सामग्री, मजदूरी तथा अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति करनी होती है। ऐसे में किसानों को समय पर उनकी उपज का भुगतान मिलना बेहद जरूरी है। लेकिन बैंकों से पर्याप्त नगदी नहीं मिलने के कारण व्यापारियों के सामने भुगतान व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो रहा है।

नकदी की कमी से मंडी का व्यापार प्रभावित होने की आशंका

थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि व्यापारियों के बैंक खातों में राशि उपलब्ध होने के बाद भी यदि जरूरत के समय पर्याप्त नगदी नहीं मिलती है, तो इसका सीधा असर व्यापारिक गतिविधियों पर पड़ता है। कृषि उपज मंडी में किसानों से उपज की खरीदी करने वाले व्यापारियों को भुगतान के लिए समय पर धनराशि की आवश्यकता होती है। नगदी की उपलब्धता कम होने से भुगतान में देरी की स्थिति बनती है, जिससे किसानों को भी



अपनी कृषि संबंधी जरूरतों को पूरा करने में कठिनाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि सिरोंज की मंडी से केवल किसान और व्यापारी ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में हम्माल, मजदूर, परिवहन व्यवसायी तथा अन्य छोटे-बड़े कारोबारी भी जुड़े हुए हैं। मंडी में व्यापार सुचारु रूप से चलने पर इन सभी वर्गों की आजीविका प्रभावित होती है। यदि नगदी की समस्या का समय रहते समाधान नहीं किया गया, तो इसका असर मंडी की पूरी व्यापारिक व्यवस्था पर पड़ सकता है।

किसानों के हित में शीघ्र समाधान जरूरी

समीर भार्गव ने कहा कि किसानों को उनकी कृषि उपज का भुगतान समय पर मिलना आवश्यक है, क्योंकि इसी राशि से वे खाद-बीज खरीदने, खेतों में बुआई कराने, मजदूरी देने और अन्य कृषि कार्यों की व्यवस्था करते हैं। ऐसे समय में नगदी की कमी के कारण भुगतान प्रभावित होना किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। उन्होंने प्रशासन और बैंक अधिकारियों से आग्रह किया कि इस समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएं। व्यापारियों का मानना है कि बैंकों में पर्याप्त नगदी उपलब्ध होने से किसानों को समय पर भुगतान मिल सकेगा और कृषि उपज मंडी में व्यापारिक गतिविधियां भी सामान्य रूप से संचालित होती रहेंगी। इसलिए प्रशासन को बैंक प्रबंधन के साथ समन्वय स्थापित कर नगदी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी पहल करनी चाहिए। इस दौरान थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव सहित राजेश मित्तल, कमलेश जैन, गगन तारण, प्रियांक जैन, टिंगु साहू, पप्पू साहू, रामू राठौड़, लोकेश जैन सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

सभी बैंक शाखाओं में पर्याप्त कैश उपलब्ध कराने की मांग

व्यापार संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि सिरोंज की सभी संबंधित बैंक शाखाओं में पर्याप्त नगदी उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। व्यापारियों की वास्तविक जरूरतों और कृषि उपज मंडी में होने वाले लेन-देन को ध्यान में रखते हुए बैंकों में पर्याप्त कैश लिमिट सुनिश्चित की जाए, ताकि व्यापारियों को अपने खातों से आवश्यकतानुसार राशि प्राप्त करने में अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही व्यापारियों ने बैंक अधिकारियों की बैठक बुलाकर समस्या पर चर्चा करने और उसका तत्काल समाधान निकालने की मांग भी की है। उनका कहना है कि बैंकों में नगदी की उपलब्धता की नियमित समीक्षा की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिससे जरूरत के समय व्यापारियों और किसानों को भुगतान संबंधी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े।

विद्युत विभाग के शहरी क्षेत्र के एई बने जितेन्द्र मेहरा

पदभार संभालते ही किया शहर का भ्रमण



सिरोंज। विद्युत विभाग के शहरी क्षेत्र में सहायक यंत्री (एई) के पद पर जितेन्द्र मेहरा ने पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालने के बाद उन्होंने शहर का भ्रमण किया और विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर शहरी क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था की जानकारी ली। जितेन्द्र मेहरा ने कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही विभागीय कार्यप्रणाली को समझने और शहर में विद्युत आपूर्ति की स्थिति से अवगत होने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने शहरी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था से संबंधित जानकारी प्राप्त की। विद्युत विभाग में सहायक यंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद शहर की विद्युत व्यवस्था को लेकर नागरिकों की अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं। शहर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखना, बिजली संबंधी शिकायतों का समय पर निराकरण करना तथा उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। अब नए सहायक यंत्री के कार्यभार संभालने के बाद शहरी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के संचालन और उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण को लेकर उनकी कार्यशैली पर नजर रहेगी।

अग्निवीर भर्ती रैली का नौवां दिन

सागर। सेना भर्ती कार्यालय, ग्वालियर द्वारा इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, सागर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के नौवें दिन अभ्यर्थियों में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। 01 अक्टूबर से आयोजित भर्ती प्रक्रिया में युवा पूरे उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

बरेली सब डिवीजन में 5 पटवारी निलंबित, 28 को कारण बताओ नोटिस जारी

स्वामित्व योजना में पटवारियों को निष्पादक विक्रेता बनाने का विरोध, सौंपा ज्ञापन

बस्ता जमा कर कलमबंद हड़ताल पर गए पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

स्वामित्व योजना के तहत पटवारियों को अभिलेख निष्पादक (विक्रेता) बनाए जाने के विरोध में रायसेन जिले के पटवारी लामबंद हो गए हैं। शुक्रवार, 9 अक्टूबर से पटवारियों ने बस्ता रखकर कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है। इधर, बरेली सब डिवीजन में स्वामित्व योजना का काम नहीं करने पर पांच पटवारियों को निलंबित किया गया है, जबकि 18 पटवारियों की सेवा समाप्ति की कार्रवाई के नोटिस और 28 को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हलचल मच गई है।

पटवारियों ने अपनी मांगों और योजना के क्रियान्वयन को लेकर आपत्तियों के संबंध में लिखित ज्ञापन तहसीलदार शैलेश सिंह को सौंपा है। उनका कहना है कि योजना में पटवारी को निष्पादक (विक्रेता)



के रूप में शामिल करना उचित नहीं है। इसी के विरोध में जिले के पटवारियों ने काम बंद कर दिया है।

बरेली में एक उदयपुरा और बाड़ी में दो-दो पटवारी निलंबित

विभागीय जानकारी के अनुसार, स्वामित्व योजना का कार्य नहीं करने पर बरेली तहसील के एक, उदयपुरा के दो और बाड़ी तहसील के दो पटवारियों को निलंबित किया गया है। इसके अलावा 18 पटवारियों की सेवा समाप्ति की कार्रवाई के नोटिस की गई है तथा 28 पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इन कार्रवाइयों के बाद पटवारियों में नाराजगी बढ़ गई है।

पटवारियों का तर्क- विक्रेता बनाने का कानूनी आधार स्पष्ट नहीं

पटवारियों का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन के ग्रामीण एवं पंचायत विकास विभाग की स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के क्रियान्वयन में उन्हें निष्पादक (विक्रेता) बनाया गया है। इसके लिए पटवारी का फोटो, नाम, पिता का नाम, आधार नंबर और मोबाइल नंबर जैसी व्यक्तिगत जानकारियों का उपयोग किया जा रहा है। उनका तर्क है कि केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी के भूखंड धारकों को भूस्वामी के रूप में अधिकार अभिलेख वितरित किए जा चुके हैं। इन भूखंडों से संबंधित जानकारी खसरे और ऑनलाइन रिकॉर्ड में भी उपलब्ध है। ग्रामीण इन अभिलेखों का उपयोग बैंक से ऋण लेने, वित्तीय कार्यों और क्रय-विक्रय संबंधी प्रक्रियाओं में कर रहे हैं। पटवारियों के अनुसार, किसी भी कानूनी प्रावधान के तहत पटवारी को भूमि विक्रय करने का अधिकार नहीं दिया गया है। ऐसे में उन्हें निष्पादक-विक्रेता की भूमिका में शामिल किए जाने पर स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए। पटवारियों का कहना है कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वामित्व योजना के इस कार्य को लेकर विरोध की स्थिति बनी हुई है।

---

11 अक्टूबर को कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

छींद धाम में नवरात्रि पर गूंजेगी गणपति महिमा, 7 दिन होगी श्री गणेश महापुराण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर छींद धाम में भक्ति और आध्यात्म की सरिता बहेगी। संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त सिद्ध हनुमान मंदिर छींद धाम में सात दिवसीय संगीतमय श्री गणेश महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। 11 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत रविवार को कलश यात्रा के साथ होगी। शारदीय नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में भगवान गणेश की महिमा का गुणगान होगा और श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्मलाभ लेंगे। छींद धाम सेवक मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी ने बताया कि छींद धाम में 18 महापुराणों की कथा के आयोजन की श्रृंखला संचालित की जा रही है। इसी धार्मिक परंपरा के तहत शारदीय नवरात्रि के अवसर पर संगीतमय श्री गणेश महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा व्यास पूज्य डॉ. वेदाचार्य जी महाराज अपनी मधुर एवं ओजस्वी वाणी से 17 अक्टूबर तक प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की महिमा का वर्णन करेंगे।

कलश यात्रा से होगा धार्मिक आयोजन का आगाज

रविवार को कलश यात्रा के साथ कथा महोत्सव का शुभारंभ होगा। नवरात्रि के पावन वातावरण में निकाली जाने वाली कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय धार्मिक आयोजन की शुरुआत होगी। इसके बाद प्रतिदिन श्री गणेश महापुराण कथा के माध्यम से भगवान गणेश की महिमा, उनके स्वरूप और धार्मिक महत्व का वर्णन किया जाएगा।

श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

मंदिर समिति अध्यक्ष रघुवंशी ने धर्मप्रेमी बंधुओं एवं श्रद्धालुओं से रविवार को कलश यात्रा में शामिल होने और प्रतिदिन आयोजित संगीतमय श्री गणेश महापुराण कथा का श्रवण करने की अपील की है। नवरात्रि के दौरान होने वाला यह आयोजन श्रद्धालुओं को भक्ति, आस्था और आध्यात्म से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

संकट में संबल बनी भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन

सागर। मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में संचालित 'भूपेन्द्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन' जरूरतमंद मरीजों के लिए संबल बनी हुई है। हेल्पलाइन के माध्यम से 9 सितंबर से 9 अक्टूबर 2026 के बीच एक माह में 108 मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया। बंडा, केसली, गढ़ाकोटा, खुरई, रहली, बीना, देवरी, दमोह सहित विभिन्न क्षेत्रों से सागर में उपचार कराने पहुंचे मरीजों को इस सेवा का लाभ मिला।

ग्राम भगदेही में कामाख्या देवी का सिद्ध मठ, पटेल परिवार लगाता है झाड़ू-पोंछा

प्राचीन शिव मंदिर पर सबसे पहले पड़ती हैं सूर्य की किरणें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बरेली तहसील के अंतर्गत विंध्याचल पर्वत की तलहटी में बसे ग्राम भगदेही में मां कामाख्या देवी का प्राचीन सिद्ध मठ स्थित है। यह मठ चमत्कारों की कहानियों से परिपूर्ण माना जाता है। गांव में एक बड़ा तालाब है। इसी तालाब के किनारे खजुराहो शैली का प्राचीन पाषाण शिव मंदिर है, जहां मान्यता है कि सूर्य की पहली किरण शिवलिंग का अभिषेक करती है। तालाब किनारे ही किसी विशाल प्राचीन मंदिर के अवशेष भी पड़े हुए हैं। बुजुर्गों के अनुसार भगदेवी का मंदिर होने के कारण ही गांव का नाम भगदेही पड़ा।

पुजारी चढ़ाते थे शीश

स्थानीय मान्यता और चर्चा है कि इस प्राचीन मंदिर में पुजारी प्रतिदिन अपना शीश मां को अर्पण करते थे और मां कामाख्या देवी के चमत्कार से पुनः जीवित हो जाते थे। कभी यहां योगियों और तांत्रिकों का डेरा लगा रहता था।

पटेल परिवार की परंपरा

नवरात्रि और धार्मिक पर्वों पर ग्राम के पटेल परिवार द्वारा मठ में झाड़ू-पोंछा लगाए जाने की पुरानी परंपरा आज भी कायम है। नवरात्रि पर्व के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त कामाख्या देवी के दर्शन के लिए मठ में पहुंचते हैं और भीड़ लगी रहती है।

कुछ मिनट में ही स्टॉक खत्म, 24 घंटे में 10-20 मिनट खुलती है साइट

खाद की ऑनलाइन बुकिंग बनी किसानों के लिए सिरदर्द

बुकिंग नहीं होने से खाली हाथ लौट रहे किसान, 100 किमी दूर से खाद लाने में लग रहा हजारों रुपए का भाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

क्षेत्र में खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। खाद की ऑनलाइन बुकिंग के लिए किसान दिनभर साइट खुलने का इंतजार करते हैं, लेकिन 24 घंटे में मुश्किल से 10 से 20 मिनट तक खुलने वाली साइट पर बुकिंग करने से पहले ही स्टॉक खत्म होने का संदेश आने लगता है। ऐसे में किसान बार-बार प्रयास



करने के बावजूद खाद का टोकन बुक नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, खाद की बुकिंग तहसील से करीब 100 किलोमीटर दूर तक होने के कारण किसानों को डीएपी खाद की कुछ बोरियां लाने के लिए भी हजारों रुपए भाड़े में खर्च करने पड़ रहे हैं। रबी सीजन की बोवनी का समय नजदीक है। नवरात्रि के आसपास से ही क्षेत्र में रबी फसलों की तैयारी शुरू हो जाती है। इस बार बारिश कम होने से खेतों में नमी की कमी है। ऐसे में किसान गेहूं की अपेक्षा चना और मसूर की खेती को अधिक प्राथमिकता देने की तैयारी कर रहे हैं। इसके बावजूद फसलों के लिए जरूरी खाद की उपलब्धता किसानों के सामने चुनौती बनी हुई है। किसानों का कहना है कि ई-टोकन व्यवस्था लागू होने के बाद डीएपी और यूरिया की एक-दो बोरी हासिल करना भी मुश्किल हो गया है। किसान संघ और किसानों द्वारा इस व्यवस्था को तत्काल समाप्त करने की मांग की जा रही है।

सहकारी समितियों में खाद नहीं, गोदामों पर भीड़

क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक प्राथमिक सहकारी समितियां हैं, जिनसे हजारों किसान जुड़े हैं। इसके बावजूद किसानों को जरूरत के अनुसार समितियों से खाद नहीं मिल पा रही है। खाद की तलाश में किसान विपणन संघ के गोदामों तक पहुंच रहे हैं, जहां भी भीड़ लग रही है। ऑनलाइन बुकिंग में खाद का केंद्र तहसील मुख्यालय के बजाय दूरस्थ गोदाम मिलने से किसानों की परेशानी और बढ़ जाती है। किसानों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि खाद की कुछ बोरियां लेने के लिए भी उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। आने-जाने का भाड़ा, समय की बर्बादी और खेती के दूसरे काम प्रभावित होने से उनकी लागत बढ़ रही है। छोटे और सीमित संसाधनों वाले किसानों के लिए यह अतिरिक्त खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है।

मोबाइल पर साइट खुलने का इंतजार, फिर निराशा

खाद की बुकिंग के लिए किसान मोबाइल पर बार-बार साइट खोलकर देखते हैं। साइट खुलते ही बड़ी संख्या में किसान बुकिंग का प्रयास करते हैं, लेकिन कुछ ही देर में स्टॉक समाप्त होने का संदेश दिखाई देने लगता है। कई बार लगातार कोशिश करने के बाद भी किसानों को टोकन नहीं मिल पाता। इससे उन्हें बिना खाद के ही लौटना पड़ता है।

नई बसों पर नियमों की सख्ती, खटारा बसों को फिटनेस की मंजूरी

इमरजेंसी विंडो पर सीटें, बॉडी और इंजन में जंग, यात्रियों की सुरक्षा पर उठे सवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर सहित जिले की सड़को पर सुरक्षित सफर के लिए जिला परिवहन विभाग नई बसों के संचालन में नियमों की सख्ती की बात करता है।लेकिन पुरानी और खटारा बसों को मिलने वाली फिटनेस मंजूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। बसों में इमरजेंसी विंडो के सामने सीटें लगी होने, बॉडी और इंजन के आसपास जंग लगने जैसी स्थितियां यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं। इसके बावजूद ऐसी बसों को फिटनेस प्रमाणपत्र कैसे मिल रहा है।यह जांच पड़ताल का विषय है। जिले में यात्री बसों की स्थिति को लेकर जिला परिवहन व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। निजी बसों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए सुरक्षा के जरूरी इंतजाम होना अनिवार्य है। आपात स्थिति में यात्रियों को बाहर निकालने के लिए इमरजेंसी विंडो बनाई जाती है। लेकिन यदि इसके सामने सीटें लगा दी जाएं या रास्ता बाधित हो, तो दुर्घटना के समय यात्रियों को बाहर निकलने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में बसों की फिटनेस जांच केवल कागजी प्रक्रिया तक सीमित रहने के बजाय मौके पर वास्तविक स्थिति के आधार पर होना जरूरी है।

इमरजेंसी विंडो के सामने सीटें, कैसे निकलेंगे यात्री

बसों में इमरजेंसी विंडो का उद्देश्य दुर्घटना, आग लगने या अन्य आपात स्थिति में यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकलने का रास्ता उपलब्ध कराना है। यदि खिड़की के सामने सीटें लगी हों या निकासी का रास्ता बाधित हो, तो संकट के समय यात्रियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। खासकर भीड़भाड़ वाली बसों में ऐसी व्यवस्था गंभीर साबित हो सकती है। सवाल यह है कि बसों की जांच के दौरान इन खामियों पर ध्यान दिया जाता है या नहीं। रायसेन से भोपाल सांची सलामतपुर से भोपाल, सागर से रायसेन जबलपुर छत्तरपुर रीवा, सतना रायसेन टीकमगढ़ और रायसेन से सांची विदिशा के बीच दौड़ने वाली अधिकांश यात्री बसों में अधिकांश पुरानी खटारा बसों की बॉडी और इंजन के आसपास जंग लगना उनके रखरखाव की स्थिति पर सवाल खड़े करता है। हालांकि केवल जंग दिखने से किसी वाहन को असुरक्षित घोषित नहीं किया जा सकता।लेकिन यदि जंग के कारण बॉडी कमजोर हो रही हो, धातु के हिस्से खराब हो रहे हों या इंजन से जुड़े जरूरी उपकरण प्रभावित हो रहे हों। तो ऐसे में बसों की तकनीकी जांच जरूरी है। ऐसी स्थिति में बस की वास्तविक हालत का आकलन कर नियमानुसार फिटनेस प्रमाणपत्र जारी किया जाना चाहिए। लेकिन लापरवाही और अनदेखी का आलम यह है कि कमाई की लालच में जिम्मेदार विभाग के अधिकारी द्वारा आँखें मूंद कर इन खटारा बसों का फिटनेस सर्टिफिकेट जारी कर दिया जाता है।

नई बसों पर नियम, पुरानी बसों की जांच पर सवाल

परिवहन नियमों का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नई बसों के संचालन में मानकों का पालन जरूरी है,तो पुरानी बसों की जांच में भी वही गंभीरता दिखाई जानी चाहिए। बस की उम्र से ज्यादा महत्वपूर्ण उसकी वास्तविक तकनीकी स्थिति, ब्रेक, टायर, लाइट, स्टीयरिंग, आपातकालीन निकास और अन्य सुरक्षा उपकरण हैं। यदि किसी बस में गंभीर खामियां हैं।तो उन्हें दूर कराए बिना सड़क पर संचालन की अनुमति देना यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से उचित नहीं होगा।

फिटनेस जांच की पारदर्शिता जरूरी बसों को फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया पारदर्शी होना जरूरी है। इसके लिए जिला परिवहन विभाग को बसों की भौतिक स्थिति की जांच करने, सुरक्षा संबंधी कमियों को दर्ज करने और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। साथ ही, इमरजेंसी विंडो के सामने बाधा, जंग लगी बॉडी और तकनीकी खराबियों जैसी शिकायतों की जांच कराई जानी चाहिए। यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े इस मुद्दे पर जिला परिवहन विभाग की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। जरूरी है कि फिटनेस प्रमाणपत्र जारी करने से पहले बसों की तकनीकी स्थिति का सही आकलन किया जाए और नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई हो। इससे न केवल संभावित दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा।बल्कि यात्रियों का परिवहन व्यवस्था पर भरोसा भी मजबूत होगा।

इनका कहना है

जिला परिवहन विभाग स्टाफ की कमी से जूझ रहा है।जल्द ही यात्री बसों की वास्तविक स्थिति जांचने के लिए जांच अभियान चलाया जाएगा। लंबे रूट की बसों की छतों पर क्षमता से ज्यादा लगेज की ढुलाई करने वाले बस ऑपरेटरों के खिलाफ जांच के बाद जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

रीतेश कुमार तिवारी प्रभारी आरटीओ रायसेन

बसों में इमरजेंसी गेट के सामने सीटें, कैबिन में सवारियां और छत पर 5 की जगह 10 से 15 क्विंटल तक लगेज

यात्री बसों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी भी है। पहले भी यात्री बसों के कई हादसे घटित हो चुके हैं।थे। रायसेन में भी जिला परिवहन विभाग ने बसों की जांच शुरू की थी, लेकिन जांच अभियान में सिर्फ दो बसों पर ही कार्रवाई हो सकी । जबकि कई बसों का संचालन परिवहन विभाग के सुरक्षा मानकों के विपरीत किया जा रहा है। नियम विरुद्ध बसों में इमसजेंसी गेट के सामने सीटें लगी हैं। केबिन में सवारियां बैठाई जा रहीं हैं और लगेज भी क्षेमता से ज्यादा लोड किया जा रहा है। जिला परिवहन विभाग की जांच में कुछ यात्री बसों के इमरजेंसी गेट के सामने लगी सीटों को कटवाकर हटाया गया, ताकि आपात स्थिति में यात्रियों को बाहर निकलने के लिए रास्ता मिल सके। इसके बाद जांच में बसों के दस्तावेजों के साथ इमरजेंसी गेट, अग्निशमन उपकरण सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं देखी जा रही हैं।नियमों के अनुसार इमरजेंसी गेट के सामने किसी तरह का अवरोध नहीं होना चाहिए।

पटवारियों की कलम बंद हड़ताल, जमा किए बस्ते

102 पटवारियों पर कार्रवाई निरस्त व स्वामित्व योजना से अलग करने की मांग

नामांतरण से गिरदावरी तक के काम प्रभावित होने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले में शुक्रवार से पटवारियों ने कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। आंदोलन के तहत पटवारियों ने अपने रिकॉर्ड बस्ते तहसील कार्यालय रायसेन में जमा कर दिए और तहसील परिसर में धरने पर बैठ गए। पटवारियों की हड़ताल से जमीनों के नामांतरण, खसरा-खतौनी में सुधार, फसलों की गिरदावरी और सीमांकन सहित कई राजस्व कार्य प्रभावित होने की आशंका है।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह चौधरी सहित जिलेभर के पटवारी आंदोलन में शामिल हुए। पटवारियों की प्रमुख मांगों में स्वामित्व योजना में उनकी भूमिका समाप्त करना और प्रदेश में 102 पटवारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई निरस्त करना शामिल है। आंदोलन रत पटवारियों मीना राय, बिमलेश तंतवार, कमलेश मालवीय प्रदीप जैन आदि का कहना है कि मांगों को लेकर पहले भी ज्ञापन सौंपकर शासन का ध्यान आकर्षित किया गया।लेकिन समाधान नहीं होने पर उन्हें अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लेना पड़ा।

27 बर्खास्त, 75 पटवारी निलंबित करने का दावा

पटवारी संघ के अनुसार, प्रदेश में 27 पटवारियों को बर्खास्त और 75 पटवारियों को निलंबित किया गया है। संघ इस कार्रवाई का विरोध कर रहा है। पटवारियों का कहना है कि उनके साथियों के खिलाफ की गई कार्रवाई निरस्त की जानी चाहिए। इसी मांग को लेकर पिछले कुछ दिनों से ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन के जरिए अपनी बात शासन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था।

शुक्रवार को पटवारियों ने अपने रिकॉर्ड बस्ते तहसील कार्यालय में जमा कर कामकाज बंद कर दिया। इसके बाद तहसील परिसर में धरना शुरू कर दिया। आंदोलनरत पटवारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर निर्णय नहीं होता और साथियों पर की गई कार्रवाई निरस्त नहीं की जाती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

जमीनों के नामांतरण से गिरदावरी तक पर असर

पटवारियों की हड़ताल का असर सीधे राजस्व संबंधी कामकाज पर पड़ सकता है। जमीन की खरीद-बिक्री के बाद नामांतरण, विरासत के मामलों में राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने, खसरा-खतौनी और नक्शों में सुधार जैसे कामों में देरी हो सकती है। इसके अलावा फसलों की गिरदावरी, जमीनों के सीमांकन और भूमि विवादों से जुड़े मामलों की प्रारंभिक जांच भी प्रभावित होने की आशंका है। राजस्व रिकॉर्ड से जुड़े कई कार्यों में पटवारियों की रिपोर्ट और मौके पर जांच की आवश्यकता होती है। ऐसे में हड़ताल लंबी चलने पर किसानों और जमीन संबंधी काम कराने वाले नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लंबित प्रकरणों के निराकरण में भी देरी होने की संभावना है।

मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी मप्र पटवारी संघ की जिला इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह चौधरी ने बताया कि जिलेभर के पटवारी हड़ताल में शामिल हैं। संघ अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रयास कर रहा था, लेकिन समाधान नहीं होने के कारण अब अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया गया है।

बीमार होने पर विद्यार्थियों को मिलेगी तत्काल इलाज में मदद, दो बेड व उपचार, दवाइयां रहेंगी उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

कॉलेज में पढ़ाई के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने पर अब विद्यार्थियों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। क्योंकि रायसेन के पाटनदेव स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विद्यार्थियों के लिए सिक रूम तैयार किया गया है। यहां बीमार होने या अचानक स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार मिल सकेगा। कॉलेज प्रबंधन के मुताबिक, यह मध्यप्रदेश का पहला सिक रूम है। इसका उद्घाटन रेडक्रॉस सोसायटी की पहल पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने किया। कॉलेज में यह सुविधा शुरू होने से विद्यार्थियों को राहत मिलेगी।

दवाइयों की रहेगी व्यवस्था

कॉलेज में बनाए गए सिक रूम में दो बेड की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्राथमिक उपचार के लिए जरूरी दवाइयां भी उपलब्ध रहेंगी। कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सेहत को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।ताकि जरूरत पड़ने पर उन्हें शुरुआती इलाज मिल सके। अचानक कमजोरी, चक्कर आने या अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की स्थिति में विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार देने में यह कमरा उपयोगी साबित होगा। जरूरत पड़ने पर विद्यार्थियों को आगे के इलाज के लिए अस्पताल भी भेजा जा सकेगा।

रायसेन कॉलेज में प्रदेश का पहला सिक रूम तैयार



विद्यार्थियों की सेहत और सुरक्षा अहम

सिक रूम का उद्घाटन होने पर कॉलेज में खुशी का माहौल है। इस पहल को विद्यार्थियों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कॉलेज में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में महाविद्यालय परिसर में प्राथमिक उपचार की सुविधा होने से आपात स्थिति में शुरुआती मदद मिल सकेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि सिक रूम विद्यार्थियों की सेहत और सुरक्षा के लिहाज से अहम है। कॉलेज परिसर में इस तरह की सुविधा होने से विद्यार्थियों को जरूरत के समय राहत मिलेगी। रेडक्रॉस सोसायटी की पहल पर शुरू हुई यह व्यवस्था शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है।

सीएम राइज स्कूल व पीएम श्री स्वामी विवेकानंद कॉलेज में कार्यक्रम किया

नुक्कड़ नाटक से समझाए नशे के दुष्परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत रायसेन पुलिस द्वारा विद्यार्थियों और युवाओं को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 8 अक्टूबर को सीएम राइज स्कूल रायसेन और 9 अक्टूबर को स्वामी विवेकानंद कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, यातायात नियमों के पालन और नशे से दूर रहने की समझाइश दी।

कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के तहत ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए गए। विद्यार्थियों को इंटरनेट का इस्तेमाल करते समय सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि से सावधान रहने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने, यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहन चलाते समय सावधानी बरतने का महत्व बताया गया।

नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति का संदेश नशामुक्त भारत अभियान के तहत



विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा छोड़ने और इससे दूर रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने प्रस्तुति के जरिए युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने और समाज को नशामुक्त बनाने की अपील की।

कार्यक्रम में ट्रैफिक थाना प्रभारी स्नेहा चंदेल, महिला थाना प्रभारी निशा अहिरवार, सूबेदार नीतू अहिरवार और साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह सिसौदिया उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सुरक्षा, अनुशासन और जागरूकता का संदेश देते हुए इन जानकारियों को अन्य लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

रायसेन पुलिस द्वारा 2 से 10 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान 2026 (सेवा मेरा योगदान) के अंतर्गत सुरक्षित समाज के निर्माण, साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों के पालन और नशामुक्ति के प्रति जागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं।

खून से लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

फसलों की बुवाई नहीं हुई तो भूखे मरेंगे डीएपी के लिए 3 दिन से कतार में किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन/बाड़ी

रायसेन जिले की बाड़ी तहसील में रबी सीजन से पहले ही खाद संकट गहरा गया है। डीएपी खाद की कमी और टोकन वितरण के लिए बनाई गई ऑनलाइन वेबसाइट में तकनीकी गड़बड़ी से परेशान किसानों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। नाराज किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को खून से पत्र लिखकर अपनी पीड़ा बताई और जल्द खाद उपलब्ध कराने की गुहार लगाई।दरअसल, बाड़ी क्षेत्र में गेहूं और चना बुवाई का समय शुरू होने वाला है। इसके लिए किसानों को सबसे ज्यादा जरूरत डीएपी खाद की है।लेकिन पिछले एक सप्ताह से कृषक सेवा सहकारी समितियों और मार्कफेड के वितरण केंद्रों पर डीएपी का स्टॉक खत्म है। जो थोड़ा-बहुत स्टॉक आ भी रहा है।उसके लिए शासन प्रशासन ने ऑनलाइन टोकन सिस्टम लागू कर दिया है। किसानों का आरोप है कि टोकन लेने के लिए बनाई गई वेबसाइट दिनभर ठप रहती है। सुबह से शाम तक मोबाइल और ई-मित्र केंद्रों के चक्कर काटने के बाद भी टोकन जनरेट नहीं हो रहा। बिना टोकन के केंद्रों पर खाद नहीं दी जा रही। कई किसान तो पिछले तीन दिन से रोजाना 10-10 किलोमीटर दूर से बाड़ी आ रहे हैं, लेकिन खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

बुवाई पर मंडरा रहा संकट

किसान हरिराम, रामभरोस और सुखदेव ने बताया कि समय पर बुवाई नहीं हुई तो पूरी फसल चौपट हो जाएगी। पिछली बार भी खाद के लिए ऐसे ही भटकना पड़ा था। इस बार सोचा था व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन हालात और खराब हो गए हैं। निजी दुकानों पर डीएपी 1800 से 1900 रुपए में मिल रही है, जो सरकारी रेट से 500 रुपए ज्यादा है। किसानों ने खून से लिखे पत्र में लिखा है -मुख्यमंत्री जी, हम बाड़ी तहसील के किसान हैं। हमें डीएपी खाद नहीं मिल रही। टोकन वेबसाइट नहीं चल रही। बुवाई का समय निकल रहा है। अगर समय पर खाद नहीं मिली तो हम बर्बाद हो जाएंगे। कृपया हमारी मदद करें।किसानों ने मांग की है कि टोकन व्यवस्था को तत्काल खत्म कर ऑफलाइन खाद वितरण शुरू किया जाए। बाड़ी तहसील में डीएपी के पर्याप्त रैक लगाए जाएं और कालाबाजारी करने वाले निजी दुकानदारों पर कार्रवाई हो। उधर, कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले में मांग के अनुसार खाद का आवंटन हो रहा है, जल्द ही समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।

युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला लेकर भागे, आग से झुलस गए

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर में शुक्रवार शाम 5 बजे युवा कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। विधानसभा अध्यक्ष शुभम ठाकुर के नेतृत्व में सागर तिराहे पर हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने पुतले पर ज्ञानेश कुमार की तस्वीर लगाकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्ष वर्धन सोलंकी ने आरोप लगाया कि भाजपा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बचा रही है। बिहार में वोट चोरी और चुनाव में धांधली को लेकर चुनाव आयोग चुप है। राहुल गांधी द्वारा लगातार सबूत पेश करने के बाद भी आयोग कार्रवाई नहीं कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पुतला छीनने की कोशिश की तो कार्यकर्ता पुतला लेकर भागने लगे।

तभी युवा कांग्रेस कार्यकर्ता राजू माहेश्वरी पुलिस और युवा कांग्रेसी कुछ देर तक पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच खींचतान चलती रही। युवा कांग्रेस कार्यकर्ता आग से झुलसने से बेसुध हो जमीन पर गिर गए। पुलिस कर्मियों द्वारा जिला अस्पताल में हाथ और घुटना झुलस गया। प्राथमिक उपचार के



बाद अस्पताल से छुट्टी हो गई।आखिर में कार्यकर्ताओं ने बीच सड़क पर पुतले को आग के हवाले कर दिया। आग की लपटें तेज होने पर मौके पर मौजूद पुलिस ने वाटर कैनन से आग बुझाई। शुभम ठाकुर ने कहा कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, फर्जी वोटिंग के मामले सामने आ रहे हैं लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त मूकदर्शक बने हैं। युवा कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग होश में आओ, वोट चोर गद्दी छोड़ो जैसे नारे लगाए। करीब आधे घंटे तक सागर तिराहे पर हंगामे की स्थिति बनी रही। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर कार्यकर्ताओं को खदेड़ा।इस दौरान यूथ कांग्रेस के दर्जनभर कार्यकर्ता मौजूद रहे। पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।

नवरात्रि और दशहरे को लेकर बैठक की गई

रात 10 बजे के बाद डीजे बजाया तो होगी कार्रवाई, भरवाए स्वघोषणा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शारदीय नवरात्रि और दशहरा पर्व पर ध्वनि प्रदूषण रोकने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने डीजे संचालकों पर सख्ती की तैयारी की है। अब रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। निर्धारित ध्वनि सीमा से अधिक आवाज में डीजे बजाने या नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार शाम 7 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने डीजे संचालकों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम मनीष शर्मा, एसडीओपी आकांक्षा तलैया और कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान धार्मिक आयोजन और चल समारोह निर्धारित नियमों के तहत ही संचालित किए जाएं। ध्वनि प्रदूषण से आम लोगों को परेशानी नहीं होना चाहिए। इसके लिए डीजे संचालकों को समय सीमा और आवाज के स्तर का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई। एसडीएम मनीष शर्मा ने कहा कि शारदीय नवरात्रि और दशहरा धार्मिक आस्था के पर्व हैं। इन्हें शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना सभी की जिम्मेदारी है। डीजे निर्धारित ध्वनि सीमा में ही बजाए जाएं।ताकि आम नागरिकों को परेशानी न हो। एसडीओपी रायसेन आकांक्षा तलैया ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि तेज आवाज से बुजुर्गों, बच्चों और विद्यार्थियों को परेशानी होती है।



आठ बिंदुओं पर ली नियम पालन की सहमति

नवरात्रि पर्व-2026 के मद्देनजर पुलिस ने डीजे संचालकों से स्वघोषणा-पत्र भी भरवाए। इसमें डीजे संचालन से संबंधित आठ बिंदुओं पर नियमों का पालन करने की सहमति ली गई। अधिकारियों ने संचालकों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय और ध्वनि सीमा का पालन करें। त्योहारों के दौरान पुलिस-प्रशासन के निर्देशों की अनदेखी न करें। एसडीओपी ने चेतावनी दी कि देर रात तक या तेज आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बाहर से आकर डीजे संचालन करने वाले संचालकों पर भी नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई होगी। पुलिस-प्रशासन ने सभी संचालकों से नवरात्रि और दशहरा पर्व के दौरान नियमों का पालन करने, शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने में सहयोग करने की अपील की।